## एक नजर में

### अखंड हनुमान चालीसा पाठ का समापन आज

**पाथाखेड़ा।** दुर्गा मंदिर में चल रही अखंड हनुमान चालीसा पाठ का समापन आज 3 जनवरी को हवन-पूजन व भंडारे के साथ होगा। आयोजन के समापन अवसर पर हवन-पूजन का आयोजन होगा। जिसके उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण की जायेगी। आयोजकों के अनुसार यह अखंड पाठ नगरवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना के लिया किया जा रहा है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से इस पुण्य आयोजन में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

### साहित्य में योगदान के लिए साहू सम्मानित

**बैतूल।** नव उदय हिन्दी साहित्य लेखक संघ के तत्वावधान में संत मीराबाई सा नव उदय साहित्य, गायन, नृत्य व कला सम्मान 2025 जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे विश्व में साहित्य, गायन, नृत्य व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें मप्र से सिर्फ एक पुरस्कार बैतूल के लेखक और समाजसेवी रामनाथ साहू को उनके साहित्य में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री साहू की पुस्तक सोपान यहां से वहां तक, सोपान छडिकाएं प्रकाशित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि भोपाल के साहित्य भवन में जून में माखनलाल चतुर्वेदी सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इनके सम्मानित होने पर एनएसडी में कलाकर अविनाश देशपांडे, डॉ.पूर्णिमा पूरण सिंह, रविकांत त्रिपाठी, बालाराम साहू, कांत दीक्षित, मीरा एंथोनी, राजकुमार कोरी, एई लालवानी, अरूणा पाटनकर, जिले के साहित्य प्रेमियों सहित इष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

### विधायक ने किया पदयात्रा का स्वागत

**मुलताई।** मां ताप्ती उद्गम स्थल से शुक्रवार की सुबह शुरू हुई मां ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा दोपहर में ग्राम ताईखेड़ा पहुंची। जहां पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मां ताप्ती की पूजा- अर्चना आरती की। ताईखेड़ा में माँ ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा पदयात्रा में सहभागिता कर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। श्री देशमुख ने क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की मां ताप्ती से कामना की।

### 4-5 जनवरी को होगा विशेष कीर्तन दीवान

**बैतूल।** सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल एवं सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के पावन आगमन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, बैतूल में 4 और 5 जनवरी को विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्था बाबा कंवलजीत कौर मरकीन मार्कंडे वाले द्वारा गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 4 जनवरी, रविवार को शाम 7 से रात 9 बजे तक रात्रि विशेष कीर्तन दीवान होगा, इसके बाद गुरु का अटूट लंगर रहेगा। 5 जनवरी, सोमवार को प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक कीर्तन दीवान, दोपहर 1.30 से शाम 4 बजे तक गुरु का लंगर तथा शाम 7 से रात 9 बजे तक सायंकालीन कीर्तन दीवान आयोजित होगा, जिसके बाद दूध का लंगर होगा। उल्लेखनीय है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब में हुआ था। वे महान संत, वीर योद्धा, कवि और समाज सुधारक थे।

# चुंगी क्षतिपूर्ति राशि, अन्य नपा के देयकों में हो रही थी समायोजित

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 2 जनवरी. नगर पालिका परिषद बैतूल की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से अन्य नगर पालिकाओं के बिजली बिलों का समायोजन करने का मामला सामने आया है।**




पिछले 6-7 महीने या उससे भी अधिक सयम से यह राशि समायोजित हो रही थी। जब यह पूरा मामला सामने आया तो नगरपालिका बैतूल ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है और मामले की जांच की मांग की है। दरअसल नगरपालिका को प्रतिमाह चुंगी क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होती है। यह राशि पिछले कई महीनों से अन्य नगरपालिकाओं के बिजली बिलों में समायोजित की जा रही थी। जिससे नगरपालिका को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बताया जा रहा है कि इस राशि से संबंधित नगरपालिका के विद्युत देयकों की कटौती की जाती है। संचालनालय से नवंबर में बैतूल नगरपालिका को प्राप्त चुंगी क्षतिपुर्ति राशि से 60 लाख 4 हजार 534 रुपए के बिजली बिलों का समायोजन किया गया। जब इस समायोजन का बारीकी से अवलोकन किया, तो पता चला कि इसमें से 4 लाख 80 हजार 208 रुपए नगर पालिका परिषद आमला के उच्चदाब विद्युत कनेक्शन क्रमांक क्रमांक एच 2291038204 से संबंधित पाई गई। इस खुलासे के बाद नपा बैतूल ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए विभाग का ध्यान आकर्षित किया है।

**पत्र लिखकर समायोजित राशि लौटाने की मांग :** नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा संयुक्त संचालक (वित्त), नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल को भेजे गये पत्र के अनुसार संचालनालय द्वारा प्रतिमाह नियम को चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान की जाती है।

### नियम विपरीत है चुंगी राशि का समायोजन

नगरपालिका बैतूल का कहना है कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि संबंधित निकाय के वित्तीय संचालन और नागरिक सुविधाओं के लिए निर्धारित होती है। इस राशि से किसी अन्य नगर पालिका के बिजली देयकों का समायोजन किया जाना न केवल नियमों के विपरीत है, बल्कि इससे बैतूल नगर पालिका की आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पत्र में यह भी आशंका जताई कि ऐसा समायोजन केवल नवंबर में ही नहीं, बल्कि पूर्व महीनों और वर्षो में भी किया गया हो सकता है। इसलिए प्रकरण की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, कर्मचारियों के वेतन और शहर के विकास कार्यो में किया जाता है। यदि राशि से दूसरे निकायों के देयकों के भुगतान में समायोजन हो रहा है तो इसका असर शहर के विकास कार्यो और सुविधाओं पर पड़ना तय है।

> चुंगी क्षतिपूर्ति राशि से अन्य नगरपालिकाओं के देयकों के भुगतान का मामला सामने आने पर विभाग को पत्र आपत्ति दर्ज कराई है और जांच की मांग की है। पिछले 6-7 माह से यह राशि अन्य नगरपालिकाओं के देयकों के भुगतान में समायोजित की जा रही थी। विभाग को पत्र लिखकर समायोजित राशि लौटाने की मांग की है।
>
> **- सतीश मटतेनिया, सीएमओ नगरपालिका बैतूल**

### कई महीनों से हो रहा था समायोजन

नगरपालिका बैतूल की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि अन्य नगरपालिकाओं के बिजली बिलों में समायोजित की जा रही थी। यह सिलसिला 6-7 माह या उससे अधिक समय से जारी था। नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि मामला सामने आने के बाद पिछले 6-7 महीने के रिकार्ड का अवलोकन किया गया तो पाया कि हर महीने इसी तरह चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि समायोजित हो रही थी। जिसके बाद विभाग को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए जांच की मांग की है। नपा द्वारा पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बैतूल नगर पालिका को मिलने वाली चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग नियमों के विपरीत करते हुए दूसरे निकाय के बिजली बिल चुकाने में किया गया, जो वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

# एक बार फिर राखबांध के आसपास टाइगर ने डाला डेरा

**सारनी। एक बार फिर राख बांध के आसपास टाइगर की मौजूदगी से हडकंप मच गया है। वहीं दूसरी टाइगर के डर से तेंदुए ने अपना ठिकाना एबी टाइप मे बना लिया है।**



टाइगर एवं तेंदुए की शहरी क्षेत्र में मौजूदगी को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना जंगल से टाइगर एवं तेंदुआ लगातार सारनी क्षेत्र के आसपास देखने कों मिल रहा है। टाइगर ने एक पखवाडा से राख बांध,सलेय्या ड्रिलिंग केंप के बाद रानीपुर के आसपास अपना डेरा बना लिया है। बताया जाता है कि टाइगर कों कई स्थानों पर देखे जाने की सूचना पर स्थानीय वन विभाग की टीम ने सर्च भी किया है। कई जगहों पर टाइगर के पग मार्क मिले है। गौरतलब है कि चूरना के जंगल से सारनी के राख बांध तक टाइगर ने अपनी चहल पहल जारी रखी है। इसे टाइगर की टेरा टेरी भी कहा जाता है.जहां पर अक्सर टाइगर का मोमेंट बना रहता है। हालांकि करीबन सात दिनों मे किसी जानवर के कील यानी शिकार करने की सुचना नहीं मिली है। जानकर लोगो का मानना है कि नपा क्षेत्र में आवारा पशुओं की भरमार है।

इसी वजह से पशुओं के कील या शिकार की सूचना नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के पास पालतू पशुओं का टाइगर शिकार करता है तो सूचना मिल जाती है। वनप्राणियों की खोज खबर रखने वाले आदिल खान ने कहा कि टाइगर का मुवमेंट 14 दिसम्बर कों ड्रिलिंग केंप एवं सलेय्या मे टाइगर देखा गया है। टाइगर लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। टाइगर होने की जानकारी के बाद स्थानीय वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के लोकेशन की जानकारी जुटा रही है. । गौरतलब है कि इस क्षेत्र से टाइगर को दो बार टेंकुलाइज यानी बेहोश करके पकड़ने के बाद चूरना एवं मंडला के पास बाढ़े मे ले जाकर रखा गया है। इन दिनों टाइगर राखबांध से सलेया रानीपुर इलाके मे अपनी टेरेटेरी बना लिया है.टाइगर एवं तेंदुआ होने कि जानकारी पग मार्क मिलने पर जनता को अर्लट किया है।

# मार्शल आर्ट वुशु में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बैतूल। नेशनल मार्शल आर्ट वुशू प्रतियोगिता उज्जैन में संपन्न हुई संपन्न हुई। जिसमें संजीवनी हायर सेकेंडरी स्कूल व मार्शल आर्ट अकादमी के बच्चों ने 7 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर, 2 ब्राउन मेडल जीते।**



सब जूनियर वर्ग में रियांशी फाटे ने 20 किग्रा वर्ग में कांस्य, पदक तनुश्री पाल ने 24 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, कीर्ति पवार ने 28 किग्रा वर्ग में रजत पदक, निहारिका खंडागरे ने 32 किग्रा वर्ग में पदक, जानवी सोनी ने 40 किग्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका में तेजेश्वरी मालवी ने 40 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, सुहानी उईके ने 45 किग्रा वर्ग में रजत पदक, कुमकुम सरले ने 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, मंगला पांसे ने 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक माधुरी पवार ने 56 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, मुस्कान यादव ने 70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, जूनियर बालक वर्ग में श्याम नागल 80 किग्रा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य गजेंद्र पवार, कोच रानू सचिन मालवी, शाला परिवार, जिले के खेल प्रेमियों और परिजनों ने बधाई दी।

# कर्मचारियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**मुलताई।** डॉ. अशोक भार्गव की स्मृति में मप्र विद्युत कर्मचारी स्व सहा. सहकारी साख समिति मर्यादित बैतूल एवं क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा आगामी 4 जनवरी को सुबह 11बजे से 3 बजे तक बिजली कर्मचारियों के लिए क्रिश मेमोरियल अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।जिसमे क्रिश हास्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टर अंकुश भार्गव हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ,डॉ. प्रगति भार्गव दंत रोग विशेषज्ञ,डॉ. अभिलाष कविटकर क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, डॉ. प्रियंका कविटकर स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ. किशोर टोंगे मुत्र रोग एवं पुरूष नपुंसकता विशेषज्ञ, डॉ. अंकित डावरे मस्तिष्क एवं तंत्रिका रोग विशेषज्ञ,डॉ. निहाल पड़ोले कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. अभिषेक सोनी फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा उपचार किया जाएगा। शिविर में बीपी, बीएमडी एवं आवश्यकता पड़ने पर सीवीसी एवं ईसीजी की जाँच निःशुल्क की जायेगी। इसके अतिरिक्त यदि शिविर में उपस्थित मरीज को अन्य किसी जाँच की आवश्यकता होगी तो एक सप्ताह तक उसमें रियायत भी दी जावेगी।

# उपचुनाव में भाजपा समर्थित अतूल कवडे विजयी

**बैतूल।** विकास खंड बैतूल के ग्राम पंचायत सांईखण्डारा में हुए उप चुनाव के चुनावी परिणाम आने के बाद भाजपा समर्थित अतूल कवडे 1086 मत लेकर विजयी हुए है। वहीं उनके निकटतम रामकिशोर को 571 मत प्राप्त हुए वहीं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को 233 मत मिलना बताया जा रहा है। मतगणना के पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच अतूल कवडे अपने समर्थको के साथ जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन पहुंचे जहां भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने नवनिर्वाचित सरपंच का पुष्पहार व भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया एवं समर्थको को




मिठाई खिलाकर अभिवादन किया। इस अवसर पर श्री पंवार ने कहा कि यह जीत पूरे गाव की एकता की जीत है। सभी ने एक साथ मिलकर भाजपा समर्थित उम्मीदवार अतूल कवडे को रिकार्ड मतो से विजयी बनाया है। श्री पंवार ने नवनिर्वाचित सरपंच से ग्राम की प्राथमिकता तय कर विकास में पूरे सहयोग का वचन दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि पूरे गांव का इस जीत के लिए धन्यवाद है। भाजपा नेताओं ने भी सहयोग बनाये रखा इसीलिए बडी जीत मिली है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका, इस्तीफे की मांग

**बैतूल।** युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। यह विरोध इंदौर में हुई मौतों पर उनकी कथित अशोभनीय टिप्पणी और पत्रकारों के प्रति इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर था। युवा कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री से विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की। कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय गंज में एकत्रित हुए और वहां से ऑटो चौक तक एक रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे लगाए और मंत्री, भाजपा सरकार तथा संगठन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय सरदार यादव ने कहा, भागीरथपुरा हादसे में 15 लोगों की मौत के बाद जब पत्रकारों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल किए, तो उन्होंने अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। यह बेहद निंदनीय है। ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले मंत्री को सरकार को तत्काल पद से हटाना चाहिए। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह इवने ने प्रदर्शन के दौरान कहा, हम मौतों पर जवाब मांग रहे हैं, लेकिन सरकार जवाब देने से बच रही है। जिनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और मंत्री विजयवर्गीय से इस्तीफा लिया जाना चाहिए।

# बच्चों को गोद लेकर ली है पढ़ाई की जिम्मेदारी


**बैतूल।** पूर्व सांसद स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं उनके परिवार द्वारा संचालित किया जा रहे विजय सेवा न्याय द्वारा बेसहारा बच्चों को पढ़ाई करवाने, रोजगारउन्मुखी प्रशिक्षण देने और भविष्य निर्माण का जिम्मा उठाया है। विजय सेवा न्यास बैतूल द्वारा बेसहारा को सहारा प्रकल्प के तहत विभिन्न घटनाओं-दुर्घटनाओं में माता-पिता या पिता के दिवंगत होने पर बेसहारा हुए 46 बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा, रोजगार सहित समग्र विकास की जिम्मेदारी ली है। न्यास द्वारा 46 बेसहारा



बच्चों की कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई के साथ उच्च शिक्षा और रोजगार की चिंता की जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नव वर्ष का पहला दिन गोद लिए 46 बच्चों और उनके पालकों के साथ बिताया। सेवाभाव एवं सामाजिक सरोकार का संदेश देते हुए श्री खंडेलवाल ने बच्चों और उनके पालकों को बैतूल स्थित निवास पर स्नेहभोज पर आमंत्रित कर संवाद किया। अभिभावक के रूप में चर्चा कर आश्वस्त किया कि उनकी पढ़ाई और भविष्य निर्माण की चिंता वे स्वयं कर रहे हैं।

# सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट की चार बड़ी इकाइयां बिकीं कबाड़े के भाव

**सारनी।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के लिए बिता साल चुनौती पूर्ण रहा है। करीबन 40 सालों तक बिजली का उत्पादन में कीर्तिमान बनाने वाली चार बड़ी इकाइयों को कबाडे के भाव में बेच दिया गया है। जानकर सूत्रों ने बताया कि सतपुड़ा पावर प्लांट की लंबे समय से बंद पड़ी चार बड़ी इकाइयों को नीलामी मात्र 342 करोड़ में हुई है। इकाइयों की नीलामी की कीमत बेहद कम होने को ऊर्जा मंत्री एवं पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी सवालों के घेरे में हैं। सूत्रों ने कहा कि 1984 में बिजली उत्पादन करने वाली इकाईयों को लंबे समय तक बंद रखने के बाद बेच दिया है।



पावर प्लांट की 200 मेगावाट क्षमता वाली छह नंबर एवं 210 मेगावाट क्षमता वाली 7,8,9 ईकाई की अनुमानित कीमत एक हजार करोड़ के आसपास आंकी गई थी। पावर जनरेटिंग कंपनी ने चार बड़ी इकाइयों को मात्र 342 करोड़ में कलकत्ता की कंपनी को बेच दिया है। गौरतलब हैं कि 62,5 मेगावाट क्षमता वाली पांच इकाईयों को 74 करोड़ रुपयों मे बेचा गया था। पावर प्लांट की पुरानी 9 ईकाईयो की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

**पावर प्लांटो को घटिया कोयला आपूर्ति मे हुआ भारी नुकसान:** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के पावर हाउस मे खराब कोयले की आपूर्ति की वजह से प्रतिमाह लाखो करोड़ो रुपयों की चपत लगी है. मंडल सूत्रों ने कहा कि पावर प्लांट को कोल वाशरी से कोयला परिवहन करने वाले वाहनों जीपीएस सिस्टम एवं सीलिंग लगाने के निर्देश नहीं देने तथा सेम्पलिंग मे बडी पैमाने पर गडबडी उजागर हुई है। जिसके चलते मध्यप्रदेश जनरेटिंग कंपनी भारी नुकसान पंहुच रहा है. खराब कोयले की आपूर्ति पर रोक लगाने एवं कोयले को वाश करके भेजनें की जिम्मेदारी रजीटेड अफीसर को सौंपी है। कोयले की सफाई का ठेका लेने वाली कंपनियो से साठ गांठ करने की बात भी सामने आई है। मंडल सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश जनरेटिंग कंपनी को कोल वासरी एवं वणी खदान से घटिया एवं मिट्टीयुक्त कोयला आपूर्ति के चलते प्रतिमाह लाखो करोड़ो की चपत लग रही है।

**यात्रा** | मां ताप्ती के जयकारों के साथ निकली मां ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा यात्रा

# ताप्ती पद यात्रा शुरू, यात्री 63 दिन में 2000 किमी का सफर करेंगे तय

**मुलताई।** मां ताप्ती की उदगम स्थली मुलताई से निकलकर गुजरात के सूरत समुद्र संगम डुमस तक पहुचकर वापस मुलताई आने वाली सम्पूर्ण परिक्रमा पदयात्रा का शुभारंभ शुक्रवार को मां ताप्ती मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ ताप्ती जलकलश लेकर ताप्ती सरोवर की परिक्रमा कर कुंड गली से होते हुए अपने पहले पड़ाव मरही माता मंदिर से मंजिल की ओर बाजे गाजे के साथ रवाना हुई। यात्रा में सैकडों की संख्या में श्रद्धालु मरही माता मंदिर तक पहुचे। मरही माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसादी ग्रहण करने ये बाद यात्रा ज्ञानेश्वर शिव मंदिर की ओर रवाना हुई। मां ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा पदयात्रा के संयोजक राजू पाटनकर एवं सौरभ



जोशी ने बताया वैसे तो यात्रा में प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालु शामिल होते हैं। यात्री एक पडाव से दूसरे पड़ाव तक पहुचकर अपनी यात्रा पूरी करते हैं तो कुछ श्रद्धालु 2 दिन से 5 दिनों तक शामिल रहते हैं वहीं कुछ यात्री 10 दिनों की यात्रा करते है। लेकिन सम्पूर्ण परिक्रमा में इस बार 55 पदयात्री शामिल हो रहे है जो कि ताप्ती नदी के दुर्गम रास्तों से नयनाभिराम दृश्यों को निहारते हुए मुलताई से सूरत समुद्र संगम तक पहुचकर वहां से वापस मुलताई तक 2000 किमी का सफर तय करेंगे।पदयात्रा में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी गुजरात के पदयात्री पूरी यात्रा में शामिल रहेंगे।

**यात्रा पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत :** यात्रा मां ताप्ती सरोवर की परिक्रमा कर अपनी मंजिल की ओर रवाना हुई। इस दौरान नगरवासियों द्वारा अपने अपने घरों के सामने रांगोली डालकर,पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर पदयात्रियों को स्वल्पाहार कराकर चाय भी वितरित की। मां ताप्ती सम्पूर्ण परिक्रमा पदयात्रा मुलताई से निकलकर ताप्ती नदी के उत्तरी तट से होते हुए 1 फरवरी 2024 को डुमस पहुचेगी। जहाँ रात्रि में समुद्र संगम डुमस में रात्रि विश्राम होगा। 2 फरवरी को समुद्र तट हजीरा से वापस होकर यात्रा 4 मार्च को शाम 6 बजे उदगम स्थल ताप्ती तट पहुचेगी।

### 50 लाख से होगा ताप्ती सरोवर का विकास एवं जलमार्ग सुधार

पवित्र नगरी में शीघ्र ही नगरपालिका द्वारा 50 लाख रुपए की लागत से ताप्ती सरोवर का विकास, जलमार्ग सुधार एवं घाटों का सौंदर्यकरण किया जाएगा।जिसके लिए 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर ने बताया ताप्ती सरोवर में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने तथा जलमार्ग सुधार एवं घाटों के सौंदर्य करण के लिए नगर पालिका मुलताई को 50 लाख रुपये की विशेष निधि प्राप्त हुई है। इस राशि से शीघ्र ही जलमार्गों की मरम्मत एवं सरोवर सुधार का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# छात्राओं ने किया व्यवसायिक औद्योगिक भ्रमण

**सारनी।** व्यावसायिक औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारणी की कक्षा 9 वी से 12 वीं की छात्राओं को बैतूल और बैतूल बाजार का भ्रमण कराय गया। संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका ज्योति तुरिया और आईटी टीचर किरण माथनकर ब्यूटी एंड वैलनेस टीचर सरिता मालवीय , वरिष्ठ शिक्षक शिवदयाल सूर्यवंशी, देवराव खाड़े, शिक्षिका दीपमाला पाटणकर और शिक्षक सुनील चौधरी के मार्गदर्शन में 130 छात्राओं को व्यावसायिक भ्रमण कराया गया। ब्यूटी और वेलनेस शिक्षिका सरिता मालवीय ने बताया कि सर्वप्रथम छात्राओं को बैतूल का प्रसिद्ध ब्यूटी पार्लर केपोलो सैलून का भ्रमण कराया गया। जहां पर विशेषज्ञों द्वारा सौंदर्य प्रसाधन से




संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई। छात्राओं ने रुचि के साथ ज्ञानवर्धन किया। बैतूल बाजार में कृषि विद्यालय और कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया। आईटी टीचर किरण माथनकर ने बताया कि कृषि केंद्र बालाजी पूरम में मृदा परीक्षण की जानकारी प्रयोगशाला में कृषि विशेषज्ञों द्वारा दी गई। छात्राओं ने विभिन्न मिट्टीयों के प्रकार, उपयोग और उनके परीक्षण का सजीव चित्रण देखा। व्यावसायिक भ्रमण के दौरान छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूर्णतः अनुशासित और प्रसन्नचित थी। मनोरंजन और ज्ञानार्जन का अनूठा संगम व्यावसायिक भ्रमण के दौरान देखने को मिला। प्राचार्य अंजनी भालेकर ने बताया कि रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए व्यावसायिक कोर्स तथा ब्यूटी एंड वैलनेस संचालित किया जा रहे है।